Title: Reported irregularities in the procurement of wheat at CWC's warehouses in Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के उपक्रम केन्द्रीय भंडारागार निगम के उत्तर प्रदेश के भंडारागारों में अनाज की लदाई और उतराई का ठेका शैड्यूल रेट से 99.5 प्रतिशत नीचे स्वीकृत कर दिया गया है जो कि नितान्त अव्यावहारिक है। इस कारण से बाहुबली लोगों द्वारा तमाम ठेकों को हस्तगत कर लिया गया है और स्थानीय ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण अनाज लाने वाले प्रत्येक ट्रक पर लगभग 3000 रुपये जबर्दस्ती वसूला जा रहा है जो कि आखिर में किसानों को भुगतना पड़ता है। विशेाकर जो सरकारी समर्थन मूल्य के विक्रय केन्द्र बने हुए हैं, उसमें गेहूँ और धान की

फसल बेचने के लिए किसानों को लगभग 1500 रुपये प्रति एकड़ अपनी फसल बेचने का खर्च देना पड़ रहा है जो कि निन्दनीय है। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि तत्काल इस मामले में कार्रवाई करे और प्रभावी कदम उठाए।